त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में नवरात्रि की तैयारियां शुरू



त्रिपुरा सुंदरी मंदिर परिसर में गरबा पांडाल तैयारी शुरू ।

तलवाड़ा @ पत्रिका. वागड़ के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में शारदीय नवरात्रि की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होने वाले नवरात्रि पर्व को लेकर पंचाल समाज 14 चोखरा के तत्वावधान में मंदिर परिसर को सजाने-संवारने का कार्य जोर-शोर से चल रहा है।

नवरात्रि को लेकर मंदिर परिसर में रंग-रोगन के साथ विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। परिसर की साफ-सफाई का कार्य भी जारी है। वहीं, मार्बल पर आकर्षक और रंग-बिरंगी चौक बनाई गई है, जो मंदिर परिसर की सुंदरता बढ़ा रही है। नवरात्रि के दौरान मां के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मंदिर परिसर के विभिन्न स्थानों पर निगरानी कैमरे लगाए जाएंगे। इससे प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।पंचाल समाज 14 चोखरा की ओर से नवरात्रि पर्व को लेकर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का काम तेजी से किया जा रहा है। मंदिर परिसर में साफ-सफाई, सजावट, रोशनी और सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने पर जोर दिया जा रहा है।